an>

Title: Need to include Bargi dam project in Jabalpur, Madhya Pradesh in the scheme of national project.

श्री गणेश सिंह (सतना) ः मैं सरकार का ध्यान मध्य प्रदेश की बरगी परियोजना के दायीं तट नहर को राष्ट्रीय परियोजना में शामिल करने के संबंध में दिलाना चाहता हूं। इस नहर से महाकौशल प्रांत के जबलपुर, कटनी, सतना तथा रीवा की 2,45010 हैक्टेयर भूमि की सिंचाई प्रस्तावित है तथा 81,53684 जनसंख्या लाभान्वित होंगी। इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना में शामिल करने के संबंध में प्रदेश सरकार ने मार्च 2010 में सभी नियमों व मानदंडों को पूरा करके केंद्र सरकार के पास 3796 करोड़ की वित्तीय सहायता की स्वीकृति के लिए भेजा था परंतु पिछली यू.पी.ए. सरकार द्वारा पिछले 4 वर्षों से लगातार इस विषय को लटकाया जा रहा था। मैं पिछली तीन अवधि से लगातार लोक सभा का सदस्य हूं और लोक सभा में लोक हित में इस विषय को उठाता आ रहा हूं कि उक्त परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना में शामिल किया जाए परंतु अभी तक इस विषय में कोई कार्यवाही नहीं हुई है जबकि मध्य प्रदेश सरकार पिछले चार वर्षों से लगातार इस परियोजना को प्राथमिकता की सूची में रखकर केंद्र सरकार को भेज रही है परंतु केंद्र सरकार की ओर से लगातार इसे अनदेखा किया जा रहा है। इस संबंध में मैंने तत्कालीन केंद्रीय वित्त मंत्री, भारत सरकार, जल संसाधन मंत्री, भारत सरकार तथा अन्य अधिकारियों के साथ लगातार पत्राचार किया परंतु अभी तक इस विषय में कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं हुई है। वर्तमान में भी मैंने केंद्रीय जल संसाधन मंत्री तथा केंद्रीय वित्त मंत्री जी को इस संबंध में पत्र लिखा और इस विषय को पिछले दो सत्रों में लोक सभा में भी उठाया। इसमें भी पिछली यू.पी.ए. सरकार की तरह ही प्रश्नचिन्ह लगाकार 7 जनवरी, 2015 को पुनः मध्य प्रदेश सरकार को भेज दी गयी है।

अतः केंद्र सरकार से मेरा आग्रह है कि महाकौशल प्रांत के गरीब किसानों की लम्बी चली आ रही इस मांग को तथा इससे जुड़े उनके हितों को ध्यान में रखते हुए इस समस्या का एक समय सीमा के अंदर निर्धारण कर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना में शामिल करने के संबंध में त्वरित कार्यवाही करने की कृपा करें।